बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक 4278660 पटना / दिनांक 30/06/2025

ग्रा0वि0-3/स्था0-01-03/2025

प्रेषक,

लोकेश कुमार सिंह,
सरकार के सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार ।

विषय :- विभागीय अधिसूचना संख्या-4253585 दिनांक 24.06.2025 एवं अधिसूचना संख्या-4253588 दिनांक 24.06.2025 द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारियों/ प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारियों का स्थानांतरण/ पदस्थापन के कार्यान्वयन के स्थगन के संबंध में ।

प्रसंग:- विभागीय पत्रांक 4260069 दिनांक 26.06.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि विभागीय अधिसूचना संख्या-4253585 दिनांक 24.06.2025 एवं अधिसूचना संख्या-4253588 दिनांक 24.06.2025 द्वारा क्रमशः 24 एवं 27 प्रखंड विकास पदाधिकारियों/ प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारियों का कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरण/ पदस्थापन किया गया है ।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2025-ERS(Vol.II) दिनांक 24.06.2025 के द्वारा मतदाता सूची को पुनरीक्षण सहित निर्वाचन से संबंधित कतिपय जारी दिशा-निर्देश के आलोक में विभागीय पत्रांक 4260069 दिनांक 26.06.2025 से कार्यान्वयन को स्थगित किया गया था ।

उक्त के संबंध में कहना है कि भारत निर्वाचन आयोग से उपरोक्त के संबंध में प्राप्त अनुमति अथवा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम की समाप्ति में जो पहले हो, उपरोक्त अधिसूचनाओं से स्थानांतरित/ पदस्थापित पदाधिकारी द्वारा प्रभार का आदान-प्रदान एवं योगदान किया जायेगा ।

विश्वासभाजन

(लोकेश कुमार सिंह)
सरकार के सचिव
30/6/2025

ज्ञापांक:- 4278660 दिनांक:- 30/06/2025

प्रतिलिपि- सभी उप विकास आयुक्त, बिहार/ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ ग्रामीण विकास पदाधिकारी-सह-प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के सचिव
30/6/2025